दिनांक 24.11.2024 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

स्वच्छता श्रमदान कर जन सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में शासकीय योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा बारी–बारी से सभी जोन में प्रातः 7:30 बजे से भ्रमण का कार्य किया जा रहा है। इसी के तारतम में जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार में दौरा किया गया। निगम द्वारा चलाए जा रहे जन उपयोगी कार्यों का अवलोकन किया गया । प्रमुख रूप से निर्माणाधीन गारमेंट फैक्ट्री, पूर्व निर्मित मदर्स मार्केट, सी मार्ट, सुलभ शौचालय, ई लाइब्रेरी, आधुनिक जिम, `सतउ सेंटर, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, आदि का निरीक्षण किया। आयुक्त ने कार्यों की प्रगति के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात सभी अधिकारी कर्मचारी जन सहयोग के साथ खुर्सीपार अंडा चौक स्थित स्टेडियम में सफाई अभियान चला करके जागरूकता का संदेश दिया। स्टेडियम में स्थित झिल्ली, पन्नी, पानी का बोतल, इत्यादि को हटाकर सफाई अभियान चलाया गया। इसमें वहां के जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता आदि सहयोगी रहे। इसके बाद सभी लोगों ने सामूहिक रूप से शपथ लिया कि हम न गंदगी करेंगे, ना ही किसी को करने देंगे। दूसरों को भी सफाई के लिए प्रेरित करेंगे।